## संक्षिप्त खबरें

### मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के निर्देश

**पौड़ी।** कैबिनेट सतपाल महाराज ने विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटना में मारे गए कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह एवं नगासु पजेड़ा निवासी बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। महाराज ने जिलाधिकारी पौड़ी को मृतकों के परिजनों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने और घायलों के इलाज की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए है। ज्ञात हो कि बुधवार को विकास खण्ड बीरोंखाल के ग्राम सुखई में बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें कुल सात लोग सवार थे इनमें से बिलेश्वरी देवी पत्नी कुशाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गंभीर घायल कुंड निवासी संदीप पुत्र भीम सिंह की रामनगर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। पांच घायल लोगों का इलाज किया जा रहा है।

### शावक के शवों को लेकर दो कर्मचारियों पर गाज

कालागढ़। मंगलवार सुबह कार्बेट टाइगर रिजर्व के कालागढ़ रेंज लक्कड़घट स्थित मैगजीन क्षेत्र में दो बाघों शावकों के क्षत विक्षत शव मिले थे। इसको लेकर वन विभाग के आलाधिकारियों ने एक जांच टीम गठित की थी। टीम ने आलाधिकारियों को रिपोर्ट सौप दी थी। रिपोर्ट के अनुसार वन विभाग ने वन कर्मचारी अनु भारती को सस्पेंड कर दिया वहीं वन दरोगा महेश चंद जोशी पर जांच बैठा दी गई है। गौरतलब है कि कालागढ़ रेंज के लक्कड़घाट बीट स्थित मैग्जीन सोत क्षेत्र में दो बाघ शावकों के क्षत-विक्षत शव मंगलवार को बरामद किए गए थे। मिट्टी लाने वालों की निशानदेही पर वन विभाग की टीम को पहले शावक का शव मैग्जीन सोत के एक छोर पर मिला, और थोड़ी ही दूरी पर दूसरे शावक का शव भी सड़ी-गली अवस्था में दिखाई दिया था।

### छात्रों की सात सूत्रीय मांगों को कुलपति के समक्ष रखा

**श्रीनगर।** हेनब गढ़वाल विवि संयुक्त छात्र परिषद के छात्र नेताओं ने छात्रों की सात सूत्री मांगों को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौपा। छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत सिंह राणा व उपाध्यक्ष अमन काला के नेतृत्व में संयुक्त छात्र परिषद के छात्र नेताओं ने कुलपति के समक्ष विवि में प्रत्येक छात्र-छात्राओं का इंश्योरेंस करने, छात्राावास में सेनेटरी नेपकिन वाइंटडिंग मशीन और डिस्पोजल मशीन लगाने, चौरास परिसर में महिला डाक्टर की नियुक्ति, रॉक क्लाइंबिंग वॉल को ठीक करने, अर्जेट डिग्री के लिए नया प्रावधान किये जाने की मांग रखी। छात्र नेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो उन्हें आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में अमन बल्लभ पंत, आकश रतूड़ी, रूपेश नेगी, आदि उपस्थित थे।

# पंजीकरण की बाध्यता और बारिश की मार से यात्रा धीमी

■ व्यापारियों के चेहरे मुर्झाये, रुद्रप्रयाग से सीतापुर तक यात्रा मार्गो पर पसरा सन्नाटा,

**गुप्तकाशी (एसएनबी)।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बीस दिन बाद भी केदारनाथ यात्रा में अपेक्षित तीर्थयात्रियों की आमद न होने से स्थानीय व्यवसायियों के चेहरे मुरझा गए है। गत वर्ष की अपेक्षा इस बार यात्रा मार्ग से जुड़े कस्बों में यात्रियों की चहलकदमी न के बराबर होने से लोन की किस्त की धनराशि नहीं निकल पा रही है। केदारनाथ यात्रा काल के प्रथम दौर में जहां घोड़े में बीमारी के कारण यात्रा बार-बार बाधित हुई थी, वहीं दूसरी ओर केदारघाटी में हर रोज हो रही लगातार बारिश के कारण भी यात्रा पड़ावों में सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि पंजीकरण की बाध्यता के चलते भी तीर्थयात्रियों को परेशानियां हो रही है।

गुप्तकाशी क्षेत्र के व्यापारी प्रेम सिंह रावत, रवि, नितिन जमलोकी ने कहा कि रुद्रप्रयाग से लेकर सीतापुर तक के यात्रा मार्ग वीरान पड़े हुए है। यहां यात्रियों की संख्या न के बराबर है। गत वर्ष से तीर्थ यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली है। यात्रा में आ रहे तीर्थयात्री सीधे सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम निकल रहे है। हर दिन बीस हजार का आंकड़ा पार हो रहा है, मगर यात्रा के अन्य पड़ावों में सन्नाटा पसरा हुआ है। होटल, वाहन, ढाबा स्वामी यात्रा में सीमित तीर्थयात्रियों के आने से परेशान है। माना जा रहा है कि कुंभ स्नान के चलते यात्रा में कमी देखने को मिली है, जबकि पंजीकरण की बाध्यता और केदार घाटी में लगातार हो रही बरसात के कारण भी यात्री नहीं आ पा रहे है। उन्होंने कहा कि कई बार तो स्थिति ऐसी भी आ रही है, जब एक भी कमरा नहीं लग पा रहा है। कहा कि आगामी कुछ हफ्तों बाद बरसाती सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में इस बार की केदारनाथ धाम की यात्रा व्यवसाय की दृष्टिकोण में सफल नहीं हो पा रही है। हालांकि सोनप्रयाग, गौरीकुंड, केदारनाथ में यात्रियों की चहलकदमी से गुलजार है, लेकिन गुप्तकाशी, खुमेरा, फाटा, नारायणकोटी, बड़ासू, सीतापुर आदि स्थानों पर तीर्थ यात्री कम संख्या में देखे जा रहे है।

# अहिल्या बाई का जीवन मानवता के लिए अनुकरणीय : कुमार

■ केदारनाथ धाम में धूमधाम से मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयन्ती



फोटो : केदारनाथ धाम में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

**रुद्रप्रयाग (एसएनबी)।** बुद्धिमता व न्याय प्रियता के लिए इतिहास में एक अलग पहचान बनाने वाली मालवा की रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयन्ती केदारनाथ मे धूमधाम से मनाई गयी। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट की अध्यक्षता में केदारनाथ मे भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अहिल्याबाई होल्कर को याद किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने रानी अहिल्याबाई के समाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि अहिल्या बाई होल्कर का समाज को समर्पित जीवन आज भी मानवता के लिए अनुकर्णीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में एक ओर उन्होंने काशी से लेकर सोमनाथ तक विभिन्न मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, वहीं समाज में गरीब, पिछड़े, दलित व अपेक्षित लोगों के लिए उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाओं संचालित की। वर्तमान में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहिल्याबाई होलकर की नीतियों को आगे बढा रहे है।

केदार नाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि महिला शसक्तीकरण, स्वास्थ्य, वाणिज्य आदि के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये कार्यो को इतिहास सदा याद रखेगा। बता दें कि 18वीं शताब्दी में मालवा की रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने पति की मृत्यु के बाद शासन किया। अपनी बुद्धिमता व न्याय प्रियता के कारण उन्हे आज भी याद किया जाता है।

भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में 31 मई तक उनकी 300वी जयंती वर्ष मना रही है। इस अवसर पर जिला प्रभारी व राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल, बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, पूर्व दर्जाधारी दिनेश बगवाड़ी, कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री विनोद देवशाली, केदारनाथ मंडल अध्यक्ष सुभाष रावत, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष सुमन जमलोकी, केदार महासभा उपाध्यक्ष अंकित सेमवाल, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, सुबोध बगवाड़ी, .ष्ण कांत जुगरान, केदार सभा से पंकज शुक्ला, तीर्थ पुरोहित प्रवीण तिवारी, अंबिका पोस्ती, ध्रुवराज बाजपेई आदि लोग उपस्थित थे।

# डामरीकरण कार्य का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

■ नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आन्तरिक मार्गो का किया जा रहा है डामरीकरण


श्रीनगर : रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण करती नगर आयुक्त नुपूर वर्मा।

**श्रीनगर (एसएनबी)।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आन्तरिक मार्गो का डामरीकरण का सम्पादित किया जा रहा है। उक्त पिर्माण कार्य का नगर आयुक्त नुपूर वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंच कर अचैक निरीक्षण किया।

सहायक नगर आयुक्त रविराज सिंह बंगारी ने बताया कि वर्तमान समय में शहर के मुख्य मार्गो काला रोड, अपर बाजार, थाना रोड, गोला बाजार, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गुरूद्वारा से बांसवाडा रोड, सम्राट गली, रामलीला मैदान को जाने वाला मार्ग, तिवाड़ी मोहल्ला पीपलचौरी से अल्केश्वर मन्दिर तक व संत निरंकारी भवन से कंसमर्दिनी मन्दिर तिराहे तक का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

नगर क्षेत्र के शेष मार्गो बद्रीनाथ मार्ग से डाट पुलिया तक, कमलेश्वर व केदार मोहल्ला का डामरीकरण का कार्य मौसम अनुकूल होने पर इसी सप्ताह पूर्ण कर दिया जायेगा। बहुगुणा मार्ग के डामरीकरण कार्य के औचक निरीक्षण में नगर आयुक्त नुपूर वर्मा के साथ सहायक नगर आयुक्त रविराज सिंह बंगारी, अधिशासी अभियन्ता पवन कुमार कोटियाल, अवर अभियन्ता सूरज आदि उपस्थित थें।

# 56 बोतल शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**रुद्रप्रयाग (एसएनबी)।** बृहस्पतिवार को सोनप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो महिला एवं दो पुरुष नेपालियों के साथ एक स्थानीय युवक को 56 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया, जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

सोनप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान यात्रा मार्ग पर एक बुलेट व एक स्कूटी से 43 बोतल व 26 अद्धे अवैध शराब बरामद किए। पुलिस ने बसन्ती शाही, पत्नी दीपेन्द्र शाही, निवासी कालीकोट कर्णाली प्रदेश, हाल त्रियुगीनारायण पैदल मार्ग, थाना सोनप्रयाग, सुशीला पत्नी युवराज निवासी छापरे नगरपालिका, तिल्लागुफा वार्ड 07, आंचल व प्रदेश कर्णाली, नेपाल, युवराज पत्नी भीम बहादुर बिष्ट, छाबरिया, जिला कालीकोट, आँचल तिल्ला कर्णनाली प्रदेश, नेपाल, टक बहादुर शाही, पुत्र मोनवीर शाही, निवासी कालीकोट नगर पालिका तिलगुफा, नेपाल के साथ ही अमन पुत्र सूरज निवासी बेलनी रुद्रप्रयाग के विरुद्ध कोतवाली सोनप्रयाग में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। शराब परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को सीज किया गया।

# निकाय प्रदेश संगठन अध्यक्ष बनने पर स्वागत


गोविंद वर्मा का स्वागत करते लोग।

**चम्पावत (एसएनबी)।** नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा को उत्तराखंड स्थानीय निकाय संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर लोहाघाट में लोगों ने बैंड-बाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभागार में सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ।

वर्मा के देहरादून से लोहाघाट लौटने पर गुरुवार को मानेश्वर से रोडवेज स्टेशन तक बाइक रैली निकाली गई। लोगों ने रोडवेज स्टेशन में माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और बैंड-बाजों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं, व्यापारियों व अन्य संगठनों के लोगों ने रोडवेज स्टेशन से स्टेशन बाजार, खड़ी बाजार, गांधी चौंक होते हुए नगरपालिका तक जुलूस निकाला।

सम्मान समारोह में वर्मा ने कहा कि वह उत्तराखंड के नगर पालिकाओं और निकायों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरीश कुंवर, सचिन जोशी, निर्मल सिंह माहरा,राजू गडकोटी,व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री भैरव दत्त राय, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष जुकरिया, दीपक जोशी, सतीश मुरारी, प्राशिस् अध्यक्ष गोविंद बोहरा, सुरेश फर्त्याल, योगेश जोशी, कमल राय, मनोज गर्ग, विवेक ओली, मदन वर्मा, गौरव वर्मा, आशु वर्मा, शेखर उप्रेती, हरचरन, दिनेश सुतेड़ी, आशीष राय मौजूद रहे।

# चल्थी क्षेत्र में जेसीबी मशीनों से हो रहा अवैध खनन

**टनकपुर (एसएनबी)।** टनकपुर -पिथौरागढ एनएच पर स्थित चल्थी क्षेत्र से मशीनों से बेखौफ अवैध खनन हो रहा है। ये आरोप क्षेत्र के एक ग्रामीण ने लगाए हैं। इसे लेकर 21 मई को ग्रामीण द्वारा बाकायदा चम्पावत जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।

चल्थी दियूरी निवासी दयाकृष्ण जोशी ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि दियूरी के देवखोला में नाप भूमि के पास जेसीबी मशीन से बेखौफ अवैध खनन किया जा रहा है। इसके चलते पिछले साल जमीन पर भू-कटाव भी हुआ था। और भू-कटाव का ये खतरा अब भी बना हुआ है। उक्त खनन रोकने की गुजारिश करने पर खनन करने वाला उन्हें जानमाल की धमकी दे रहा है।

ज्ञापन में दावा किया गया है कि पूर्व में चल्थी चौकी में वाहन चालक व जेसीबी स्वामी के खिलाफ शिकायत भी कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी अवैध खनन नहीं रूका। पत्र में शिकायतकर्ता ने समुचित कारवाई करने का आग्रह किया है। वहीं पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा है कि मामले की जांच कराई जाएगी। साथ ही अवैध खनन रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

# महिलाओं को स्वरोजगार बढ़ाने के टिप्स

**गोपेश्वर (एसएनबी)।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।

रौली ग्वाड में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में 29 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं प्रशिक्षण ले रही है। गुरुवार को आरबीआई तथा एनआरएलएम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनआरएलएम को-ऑर्डिनेटर संजय पुरोहित ने विभिन्न विभागीय योजना के बारे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी दी। आरसेटी के निदेशक मनोहर सिंह असवाल ने बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए ऋण योजनाओं का लाभ उठाते हुए स्वरोजगार की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। आरबीआई से आए हुए जिला बैंक प्रबंधक भरत आनंद ने विभिन्न प्रकार की बैंक सुविधा की जानकारी दी। उन्होंने ओटीपी का गलत इस्तेमाल, साइबर सिक्योरिटी, बैंकों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जमा व ऋण के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने आरबीआई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कोर्स को-आर्डिनेटर मुन्नी पंवार, मास्टर ट्रेनर फरीदा बेगम आदि ने प्रतिभागियों को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार संसाधनों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
टेन्डर संख्या दिनांक: 45-DRM-MB-25-26 Date 21.05.2025, कार्य का नाम: Miscellaneous Bridge works in the Section of ADEN/HRI/II under DEN/II/MB. टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय: 16.06.2025 16:00, अनुमानित लागत: 94,98,562.20 धरोहर राशि: 1,90,000.00 बिडिंग स्टार्ट तिथि: 02.06.2025 आफर की वैधता: 60 दिन कार्य पूर्ण करने की अवधि: 12 माह
नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 21.05.2025 1491/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष हजारों लोग गंवा रहे जान : रवि रंजन


अनूप नेगी मेमोरियल स्कूल में छात्रा को पुरस्कृत करते प्राधिकरण सचिव रवि रंजन एवं अन्य अधिकारी।

■ सड़क सुरक्षा को लेकर दो दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन

**रुद्रप्रयाग (एसएनबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आरटीओ विभाग एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जनपद रुद्रप्रयाग में दो दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, खासकर युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के तहत पहले दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं दूसरे दिन अनूप नेगी मेमोरियल स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन और अतिथियों के बैज अलंकरण के साथ की गई। इसके बाद संस्थान के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक सामाजिक नाटक का मंचन किया।

मुख्य अतिथि जिला प्राधिकरण सचिव रवि रंजन ने कहा कि वर्तमान समय में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है, जिनसे हजारों लोग प्रतिवर्ष अपनी जान गंवाते है। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं की प्रमुख वजह लापरवाही, नियमों की अनदेखी और जागरूकता की कमी है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं व नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें। एआरटीओ कुलवंत सिंह चौहान ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तेज गति से वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, नशे की हालत में ड्राइविंग करना और दोपहिया वाहनों पर हेलमेट न पहनना ऐसे कारण है, जो अक्सर जानलेवा साबित होते है।

पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल ने बताया कि पुलिस विभाग भी लगातार स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में जाकर सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की भी जान बचा सकते है। एआरटीओ (प्रवर्तन) धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने अनूप नेगी मेमोरियल स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति में बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा थीम पर सबसे अच्छी चित्रकारी करने वाले पांच विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

**विंडलास बायोटेक लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय:** 40/1, मोहबेवला इन्डस्ट्रीयल एरिया, एसबीआई रोड, देहरादून-248110 (उत्तराखण्ड), भारत
**Telephone No:** 0135-6608000 | **Email ID:** cs@windlasbiotech.com | **Website:** www.windlas.com
**CIN: L74899UR2001PLC033407**

**31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के लिए समेकित और स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

| क्र० सं० | विवरण | स्टैण्डअलोन (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर) | | | | समेकित (रु० मिलियन में, इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वार्षिक के लिए | | समाप्त तिमाही के लिए | | समाप्त वार्षिक के लिए | |
| | | 31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2024 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2024 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2024 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2025 (अंकेक्षित) | 31 मार्च, 2024 (अंकेक्षित) |
| 1 | संचालन से राजस्व | 2,027.05 | 1,712.85 | 7,598.78 | 6,309.56 | 2,027.05 | 1,712.85 | 7,598.78 | 6,309.56 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर एवं विशिष्ट मदों से पहले) | 208.27 | 225.63 | 793.94 | 770.23 | 208.23 | 226.32 | 797.58 | 770.91 |
| 3 | कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद) | 208.27 | 225.63 | 793.94 | 770.23 | 208.23 | 226.32 | 797.58 | 770.91 |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (विशिष्ट मदों के बाद) | 162.85 | 169.49 | 606.49 | 581.44 | 162.81 | 169.93 | 609.94 | 581.87 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए शामिल लाभ/हानि एवं अन्य व्यापक आय कर के बाद) | 164.60 | 169.85 | 601.06 | 579.01 | 164.40 | 170.28 | 604.45 | 579.39 |
| 6 | इक्वीटी शेयर कैपिटल | 104.80 | 103.99 | 104.80 | 103.99 | 104.80 | 103.99 | 104.80 | 103.99 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन भंडार को छोड़कर भंडार | | | 4,953.08 | 4,398.92 | | | 4,952.92 | 4,395.37 |
| 8 | प्रति शेयर आय (रु० 5/- के प्रत्येक) (संचालन जारी रखने एवं बन्द करने के लिए) | | | | | | | | |
| | 1. बेसिक: | 7.77 | 8.15 | 29.03 | 27.95 | 7.77 | 8.17 | 29.19 | 27.97 |
| | 2. डायल्यूटेड: | 7.69 | 8.12 | 28.71 | 27.86 | 7.69 | 8.14 | 28.87 | 27.88 |

**Notes:**
1. स्टैण्डअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षक समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 22 मई, 2025 को सम्पन्न उनकी बैठकों में अनुमोदित किया गया है। कंपनी के लेखापरीक्षकों ने इसका लेखापरीक्षण किया है।
2. उपरोक्त 31 मार्च, 2025 को समाप्त वार्षिक के लिए सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.windlas.com) पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी इसे प्राप्त किया जा सकता है।

विंडलास बायोटेक लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता०/-
हितेश विंडलास
प्रबन्ध निदेशक
DIN: 02030941

स्थान: गुरुग्राम
तिथि: 22 मई, 2025